प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 27.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद, देशवासियों से अपने विचार हैशटेग बिरसा मुंडा 150 पर साझा करने की अपील की।

2. श्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फर्जीवाड़े को रोकने के प्रति जताई प्रतिबद्धता, डिजिटल सुरक्षा के लिए लोगों को रुको, सोचो और करो के तीन उपाय अपनाने की दी सलाह।

3. 13 नवंबर को पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की कल होगी जांच, 30 नवंबर तक प्रत्याशी अपने नाम ले सकेंगे वापस।
4. भाकपा माले ने झारखंड इंडिया ब्लॉक में बिखराव के लिए झामुमो और कांग्रेस को बताया जिम्मेदार, सीट बंटवारे पर फिर से विचार करने के लिए चौबीस घंटे का दिया अल्टीमेटम।

**************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश के लोगों के साथ अपने विचारों को साझा करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को याद किया। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 15 नवम्बर को धरती आबा की 150वी जयन्ती मनाई जाएगी। इसे हम सभी मिलकर यादगार बनाए। श्री मोदी ने साहस और दूरदर्शिता वाले महानायक भगवान बिरसा मुंडा का विजन पूरे देश के लिए प्रेरण स्त्रोत है। श्री मोदी ने लोगों से भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल पर अपने विचार **#Sardar**150 के साथ और धरती–आबा बिरसा मुंडा पर अपने विचार **#BirsaMunda**150 के साथ साझा करने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। ये उपाय हैं–रुको, सोचो और करो। उन्होंने ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को शांत रहने और अपनी व्यक्तिगत सूचना किसी से भी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संभव होने पर ऐसे क्षण का स्क्रीनशॉट लेना चाहिए और बातचीत को रिकार्ड करना चाहिए।

श्री मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया अब मेक फॉर वर्ल्ड बन गया है। उन्होंने कहा वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान देश की सामूहिक चेतना और जन अभियान बन चुका है।

श्री मोदी ने लोगों को आगामी त्योहारों – धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरु नानक जयंती के लिए शुभकामनाएं दीं।

**************************

13 नवंबर को पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल जांच होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख तीस अक्टूबर है। इस चरण में कुल आठ सौ पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. इनमें पूर्वी जमशेदपुर और पश्चिमी जमशेदपुर से सबसे ज्यादा बत्तीस–बत्तीस और सिमरिया तथा खूंटी से सबसे कम ग्यारह– ग्यारह प्रत्याशी हैं.

**************************

निर्वाचन आयोग ने अबसेंटी और सेवा मतदाताओं के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अपर निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि राज्य में 4 हज़ार 4 सौ 95 अबसेंटी वोटर्स चिन्हित किए गए हैं। अबसेंटी वोटर्स की श्रेणी में आनेवाले 85 वर्ष से ज्यादा आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं घर से मतदान के लिए फार्म 12 डी उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं , अनिवार्य सेवा से जुड़े 6 हज़ार 5 सौ 99 मतदाता तथा चुनाव ड्यूटी पर संलग्न 1 लाख 33 हज़ार 7 सौ 20 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन दिया है।

**************************

चतरा जिले में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

*************************

भाकपा माले ने झारखंड इंडिया ब्लॉक में बिखराव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को जिम्मेदार बताया है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने इन दोनों पार्टियों को सीटों के बंटवारे पर फिर से विचार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी जाएगी।

*************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमन्त सरकार पर राज्यवासियों को धोखा देने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि यहां विकास योजनाओं में लूट मची हुई है. माफिया और भ्रष्ट अधिकारी यहां हावी हैं।

*************************

राज्य में वाल्मिकी छात्रवृति योजना के तहत सभी श्रेणी के दिव्यांग विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अधिकतम दस लाख रुपए देगी। इस राशि से विद्यार्थी शिक्षण शुल्क अदा कर सकेंगे। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान प्रति माह चार हजार रुपए सहायता राशि दी जाएगी।

*************************